भाविप्रा पवेलियन ने आईआईटीएफ 2025 में स्वर्ण पदक जीता।

नई दिल्ली, 27 नवंबर, 2025: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा 44वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) 2025, नई दिल्ली में अपनी शानदार भागीदारी का समापन एक उत्कृष्ट समापन समारोह के साथ किया गया। पवेलियन ने शानदार डिज़ाइन, इमर्सिव डिजिटल अनुभव और भारत के विकसित हो रहे विमानन परितंत्र के प्रभावशाली प्रतिनिधित्व के लिए पीएसयू श्रेणी में प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीता। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार द्वारा भारत की विमानन प्रगति को नए तरीके से प्रदर्शित करने के लिए इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइज़ेशन (आईटीपीओ) के प्रबंध निदेशक डॉ. नीरज खैरवाल से यह अवॉर्ड ग्रहण किया गया।

"एक भारत, श्रेष्ठ भारत" विषय पर बने इस पवेलियन को सभी ने खूब सराहा और यहॉं पर आगंतुको और छात्रों को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने का जश्न मनाया।

पूरे मेले में, पवेलियन ने अपने फ्यूचरिस्टिक एलईडी आर्चवे, डायनामिक एनामॉर्फिक डिस्प्ले वॉल और इंटरैक्टिव टच कियोस्क से आगंतुको को मंत्र-मुग्ध कर दिया, जिनमें उड़ान, स्टार्ट-अप नीति, एएआई–रूट्स एशिया 2025 और भारत के वायु संपर्कता नक्शे जैसी विशेष पहल शामिल थीं। हवाई अड्डे को सांस्कृतिक एवं वास्तुकला के प्रतीक के रूप में प्रदर्शित करने वाली एक डिजिटल फ्लिप बुक ने पवेलियन शोभा में चार चॉंद लगा दिए।

आगंतुको को एयर क्विज़ और एआई -पावर्ड सेल्फी ज़ोन जैसी गतिविधियो के माध्यम से भी जोड़ा गया, जिससे वे विमानन पेशेवरों के डिजिटल अवतार में बदल सके। डेडिकेटेड ब्रीफिंग ज़ोन में छात्रों और मीडिया के लिए जानकारी से परिपूर्ण सत्र भी आयोजित किए गए, जिससे भाविप्रा के प्रचालन और विज़न के बारे में गहन जानकारी प्रदान की गई ।

एटीसी प्रदर्शनी, अत्याधुनिक एटीसी–सीएनएस कंसोल और संचार, दिक्चालन और निगरानी की आधुनिक टेक्नोलॉजी की प्रदर्शनी पवेलियन का विशेष आकर्षण थे, इस प्रदर्शनी में वायु यातायात के विकसित प्रबंधन में भारत की प्रगति को शानदार ढंग से प्रदर्शित किया गया।

जैसे-जैस आईआईटीएफ 2025 समाप्ति की ओर है, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू द्वारा उद्घाटित भाविप्रा का अवॉर्ड-विजेता पवेलियन नवाचार, तकनीकी, सुरक्षा और संधारणीयता के प्रति प्रतिबद्धता का साक्ष्य है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, विकसित भारत @ 2047

के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने में अहम भूमिका निभा रहा है, जिसमें विमानन संपर्कता आर्थिक विकास और सबको एकजुट कर विकास हेतु एक मुख्य प्रेरक के रूप में कार्य कर रहा है।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (निगमित संचार) 011-20818228

प्रेस विज्ञप्ति सं. 13 /2025-26



आयोजक

ITPO

भारत मंडपम नई दिल्ली में 14-27 नवंबर, 2025 तक आयोजित

44वें

भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2025

में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए **पी एस यू और पी एस बी** के मंडप में **स्वर्ण पदक** से पुरस्कृत

For the **PSUs & PSBs** Pavilion adjudged First for Excellence in Display in the

44th

India International Trade Fair 2025

held at Bharat Mandapam, New Delhi, November 14-27, 2025 given this award of **'Gold Medal'**

विजेता : **भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**

To : **AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA**

डॉ. नीरज खेरवाल, आई.ए.एस.
प्रबंध निदेशक
इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

Dr. Neeraj Kharwal, I.A.S.
Managing Director
India Trade Promotion Organisation